कार्यालय, प्राचार्य श्रीमती केशरी देवी लोहिया राजकीय कन्या महाविद्यालय, रतनगढ (चूरू)

दिनांक :– 19.12.2016

प्रेस–नोट

जागरूकता–रैली निकाली

श्रीमती केशरी देवी लोहिया राजकीय कन्या महाविद्यालय, रतनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के चौथे दिन दोनों इकाइयों की स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारियों श्रीमती कल्पना राठौड़ तथा सुश्री पूनम शर्मा के नेतृत्व में बेटी बचाओं–बेटी पढ़ाओं, स्वच्छत आदि के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए रैली निकाली स्वयंसेविकाएं विभिन्न नारे लिखी तख्तियाँ तथा बैनर आदि लेकर नारे लगाती हुई रतनगढ़ के विभिन्न मोहल्लों से गुजरी। रैली को प्राचार्य डॉ. बी.एल. मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें एकल गायन प्रतियोगिता में – प्रीति स्वामी ने प्रथम, निर्मला प्रजापत ने द्वितीय तथा हेमा राठौड़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आशु–वार्ता प्रतियोगिता में अम्बिका कंवर ने प्रथम, हेमा राठौड़ ने द्वितीय तथा करिश्मा स्वामी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ0 सुमेर सिंह तथा गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ0 अंजली शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

प्राचार्य
श्रीमती केशरी देवी लोहिया
राजकीय कन्या महाविद्यालय,
रतनगढ़ (चूरू)